# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

08/11/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Jagran , Pryagraj(UP)**

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता कैंप चला

101 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की ओर से गुरुवार को 101 आरएएफ शांतिपुरम स्थित कैंप परिसर में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ. क्षेत्रीय कावाध्यक्ष सुनीता निगम ने शुभारम्भ किया. बेली हॉस्पिटल के चिकित्सक, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रद्धा यादव ने लोगों को कैंसर होने की पहचान और रोग से बचाव के तरीकों की जानकारी दी. केके सिंह, नरेन्द्र कुमार, सुधेन्द्र सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

**Hindustan , Delhi**

**फैसले से पहले:** केंद्र ने राज्यों को परामर्श जारी किया, अर्धसैनिक बलों के चार हजार जवान यूपी भेजे

# अयोध्या सहित देशभर में अलर्ट

नई दिल्ली/अयोध्या | विशेष संवाददाता

अयोध्या विवाद पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को सभी राज्यों को सतर्कता के निर्देश जारी कर दिए। मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश खासकर अयोध्या में तैनाती के लिए अर्धसैनिक बलों के चार हजार जवान भेजे हैं। रेलवे ने भी ट्रेनों में सुरक्षा के लिए अलग से परामर्श जारी किया है।

अयोध्या विवाद पर इसी हफ्ते बड़ा फैसला आ सकता है। इसके मद्देनजर गुरुवार को गृह मंत्रालय, रेलवे, आरपीएफ और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता के निर्देश जारी किए हैं। आरपीएफ ने सभी जवानों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक उधर, अयोध्या में भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पड़ोसी जिले अंबेडकर नगर में आठ अस्थायी जेल बनाई गई हैं।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उन्हें सभी संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने को कहा गया है। उधर, राज्य में धार्मिक स्थलों की भी निगरानी की जा रही है।

**मेरठ, अलीगढ़ में विशेष सतर्कता:** अयोध्या पर फैसले के मद्देनजर गुरुवार को मेरठ और अलीगढ़ में पुलिस ने दंगा नियंत्रण रिहर्सल की। इस दौरान आरएएफ और पीएसी की कंपनियां भी शामिल रहीं।

› अयोध्या लाइव पेज 09



अयोध्या में गुरुवार को हनुमान गढ़ी के पास तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के जवान। • एएनआई

## सोशल मीडिया पर नजर

**16000** वॉलंटियर तैनात किए गए हैं अयोध्या में सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार रोकने के लिए। वहीं, गड़बड़ी रोकने के लिए 3000 लोगों की निगरानी की जा रही है।

## स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ी

**78** स्टेशनों की सुरक्षा आरपीएफ ने बढ़ाई है। आरपीएफ के परामर्श में दिल्ली, महाराष्ट्र और यूपी के स्टेशनों पर कड़ी नजर रखी जा रही।

› ब्योरा पेज 09

**52** कंपनियां यूपी में अर्धसैनिक बल की तैनात

**13** से 16 नवंबर के बीच आ सकता है फैसला

## पत्थर तराशने का काम विहिप ने रोका

अयोध्या में विहिप के प्रवक्ता शरद शर्मा ने बताया कि राम मंदिर के लिए पत्थर तराशने का काम रोक दिया गया है। 1990 के बाद यह पहला मौका है, जब पत्थर तराशना बंद किया गया है। पत्थर तराशने में लगे कारीगर घर लौट गए हैं। वहीं, विहिप ने अपने सभी कार्यक्रम भी निरस्त कर दिए।

**The Hindu , Delhi**

# 4,000 security forces sent to Ayodhya

## Ministry of Home Affairs sends advisory to all States to maintain law and order ahead of SC verdict

SPECIAL CORRESPONDENT
NEW DELHI

Ahead of the long-awaited Supreme Court judgment on the Babri Masjid-Ram Janmabhoomi litigation, the Centre has sent around 4,000 personnel of the Central Armed Police Forces to Ayodhya.

The Ministry of Home Affairs also issued an advisory to all States to maintain "law and order" with the verdict expected to be announced in a few days.

"We have sent an advisory to all States, asking them to keep a watch on law and order as the verdict is set to be announced," said a senior government official.



**Tension in the air:** Security personnel manning Naya Ghat in Ayodhya on Thursday. • PTI

### Title suits

The appeals against the 2010 Allahabad High Court's judgment on the title suits – filed by both Hindu and Muslim parties – were heard on a daily basis by a five-judge Bench of the Supreme Court for 40 days. The court has reserved judgment, and a verdict is expected before November 17, when Chief Justice of India (CJI) Ranjan Gogoi will retire.

The Railway Protection Force (RPF) has identified 80 sensitive stations and asked its personnel to keep a tight vigil.

The seven-page advisory sent to all zonal head quarters asked RPF personnel to specially maintain security at places of worship inside or near the railway station's compound and asked the caretakers to not leave them unattended.

The RPF cancelled leave of its staff and the personnel will be engaged in providing security cover to trains.

Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath held a videoconference with police officers in charge of all districts and reviewed the security preparedness to tackle any law and order situation.

### 'Riot control scheme'

Uttar Pradesh Director General of Police O.P. Singh asked district police chiefs to enhance foot patrolling in "vulnerable areas" that have been identified.

The police have also been asked to prepare a "riot control scheme" for each area that will include measures for "access control" and "transportation plans" in emergency situations.

MORE REPORTS ON ▸ PAGE 13

Eenadu (TS)

# పోలీసుల కవాతు

పటాన్‌చెరు: పటాన్‌చెరు మండలం చిట్కుల్, ఇస్నాపూర్ గ్రామాలకు చెందిన వడ్డెరకాలనీల్లో బుధవారం సీఐ నరేష్ ఆధ్వర్యంలో పోలీసులు కవాతు నిర్వహించారు. వీధుల్లో నడుచుకుంటూ వెళ్లారు. ఒక ప్రాంతంలో ఆగి డ్రిల్లింగ్ చేశారు. అనంతరం కవాతు చేపట్టారు.



వడ్డెరకాలనీలో కవాతు చేస్తున్న పోలీసులు

99 bn raf during flag march with civil police at dist. sangareddy (TS)

## Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**